Title: Need to look into the problem of increasing incidents of desertion of girls from Punjab married to Non-Resident Indians. − Laid.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर):अध्यक्ष महोदय, पंजाब में प्रवासी भारतीय (एन.आर.आईस) विदेशों से आकर भोली भाली लड़कियों से विदेश ले जाने का झांसा देकर शादी करके बड़ी रकमें दहेज के रूप में लेकर लड़कियों के साथ कुछ समय बिता कर विदेश चले जाते हैं। लड़कियों को बाद में न तो विदेश में बुलाया जाता है न कोई अता-पता देते हैं। सैंकड़ों लड़कियों की जिन्दगी बरबाद हुयी है जो दर-दर भटक रही हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठायें।